आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

• वर्ष- 15 अंक 308 • कटनी • बुधवार, 15 दिसम्बर, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-12 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935




## वेज है या नॉनवेज, साफ-साफखुलासा करें
## धोखे से किसी की थाली में कुछ भी नहीं परोस सकते: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने खाने का सामान बनाने के कारोबार (फूड बिजनेस ऑपरेटसज़) से जुड़े लोगों को निर्देश दिया है कि वे खाने की चीजों को बनाने में इस्तेमाल सामग्री का पूरा और साफ-साफ खुलासा करें। कोर्ट ने कहा कि हर व्यक्ति को यह जानने का अधिकार है कि वह क्या खा रहा है और छल का सहारा लेकर लोगों को उनकी थाली में कुछ भी परोसा नहीं जा सकता।जस्टिस विपिन सांघी और जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने यह आदेश उस याचिका पर जारी किया है, जिसमें घरेलू उपकरणों और कपड़ों सहित जनता द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सभी चीजों पर उन्हें बनाने की प्रक्रिया में इस्तेमाल सामग्री के आधार पर 'शाकाहारी' या 'मांसाहारी' का लेबल लगाने का निर्देश देने की मांग की गई। याचिका राम गोरक्षा दल नाम के एक संगठन ने दायर की, जो गायों के कल्याण के लिए काम करने का दावा करता है। कोर्ट ने कहा कि अथॉरिटीज की ऐसी गलतियों की जांच करने में नाकामी न केवल एक्ट और नियमों का पालन न करने की वजह बन रही है।

## बीजेपी के पूर्व प्रदेश सह संगठन महामंत्री भगवत शरण माथुर का निधन

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के पूर्व सह संगठन महामंत्री भगवतशरण माथुर का मंगलवार देर शाम भोपाल में हार्ट अटैक से निधन हो गया है। 71 साल के माथुर



भोपाल में बीजेपी कार्यालय के पीछे ही निवास करते थे। शाम को भोजन करने के बाद उन्हें कुछ असहजता होने पर तत्काल निजी अस्पताल में ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बीजेपी के प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेंद्र पाराशर ने बताया कि उनकी अंत्येष्टि 15 दिसंबर को दोपहर 3 बजे सुभाष नगर विश्राम घाट भोपाल में होगी। माथुर के निधन के कारण भोपाल बीजेपी जिला कायज़समिति की बुधवार को होने वाली बैठक को स्थगित कर दिया गया है। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्र का बुधवार को इटारसी में होने वाला कायज़क्रम भी निरस्त हो गया है।

## जनवरी में आ सकता है एमपीपीएससी का रिजल्ट



**जबलपुर।** राज्य सरकार ने हाईकोटज़ को बताया कि मप्र लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) के परीक्षा नियम में संशोधन को निरस्त करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब इसे कैबिनेट में रखा जाना है। इस प्रक्रिया के पूरी होने के बाद आरक्षित वगज़ के अभ्यर्थी मेरिट में आएंगे तो उन्हें अनारक्षित में शामिल किया जाएगा।चीफ जस्टिस रवि मलिमठ और जस्टिस विजय शुक्ला की उबल बेंच में सरकार की ओर इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा गया है। इसे रिकॉडज़ पर लेते हुए कोटज़ ने अगली सुनवाई 22 दिसंबर तय की है। मामले में कमज़चारी संगठन अपाक्स सहित 47 याचिकाएं लगाई गई हैं।




## सवाल सरकार | 2015 में केंद्र ने वसूले 2476 करोड़ रुपये

# 5 वर्षों में कितना काला धन गया विदेश, नहीं जानती सरकार

**नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सदन को बताया कि बीते पांच वर्ष में 8,466 करोड़ रुपये से अधिक की अघोषित आय पर कर लगाया गया है और गैर-सूचित विदेशी बैंक खातों में जमा राशि पर 1,294 करोड़ रुपये से अधिक का जुमार्ना लगाया गया है। बीते पांच वर्ष में विदेश में भारत का कितना काला धन जमा हुआ सरकार के पास इसका कोई आधिकारिक अनुमान नहीं है।**



केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि काला धन (अघोषित विदेशी आय व संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के अनुपालन के लिए तीन माह की मोहलत दिए जाने पर 30 सितंबर, 2015 तक 4,164 करोड़ रुपये की अघोषित विदेशी संपत्ति से जुड़े 648 खुलासे किए गए थे। खुलासों के आधार पर जुमानज़ व कर के तौर पर 2,476 करोड़ रुपये जमा हुए थे। मंत्री सांसद सुखराम सिंह यादव व विशंभर प्रसाद निषाद की तरफ से लोकसभा में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। सांसदों ने पूछा था कि 2014 से 30 नवंबर, 2021 तक विदेश से कितना काला धन भारत वापस लाया गया है। असल में विदेशों में जमा काले धन की वापसी को भाजपा ने 2014 में बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया था।



### काला धन अधिनियम के तहत 52 पर आपराधिक कार्रवाई

इंटरनेशनल कंसोर्टियम ऑफ इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिस्ट्स (आईसीआईजे) द्वारा उजागर किए गए मामलों की जांच से अब तक अघोषित विदेशी खातों में 11,010 करोड़ जमा होने का पता चला है। पनामा पेपसज़ में लिप्त लोगों पर कारज़्वाई के सवाल पर उन्होंने कहा कि भारत से जुड़ी 930 संस्थाओं की 20,353 करोड़ रुपये के अघोषित जमाओं का पता चला है। आरोपियों से 153.88 करोड़ का कर जमा कराया गया है।

### केंद्र ने रोकथाम के लिए उठाए प्रभावी कदम

उन्होंने केंद्र सरकार की तरफसे काले धन की रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय सूचनाओं को सक्रिय रूप से साझा करने के लिए बहु-पक्षीय व्यवस्था बनाई गई है। मई 2014 में काले धन पर एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया, काला धन नया कानून बनाया गया, जो जुलाई 2015 से प्रभावी है। विदेश में जमा काले धन के संबंध में कोई विश्वसनीय जानकारी मिलने पर भी सरकार ने प्रभावी कदम उठाए हैं।

### 8466 करोड़ की अघोषित आय पर लगाया कर

चौधरी ने सदन को बताया कि बीते पांच वर्ष में 8,466 करोड़ रुपये से अधिक की अघोषित आय पर कर लगाया गया है और गैर-सूचित विदेशी बैंक खातों में जमा राशि पर 1,294 करोड़ रुपये से अधिक का जुमानज़ लगाया गया है।




# फिलीपींस से गिरफ्तार गैंगस्टर सुरेश पुजारी को भारत लाया गया

## केंद्रीय एजेंसियों द्वारा पूछताछ के बाद उसे मुंबई पुलिस को सौंपा

**मुंबई।** मुंबई और कर्नाटक में जबरन वसूली के कई मामलों में वांछित गैंगस्टर सुरेश पुजारी को फिलीपींस से भारत लाया गया. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुजारी मुंबई और इसके पास के इलाकों ठाणे, कल्याण, उल्हासनगर और डोंबिवली में भी जबरन वसूली के मामलों में वांछित है, उसे गिरफ्तार कर और फिलीपींस से प्रत्यर्पित करने के बाद देर रात भारत लाया गया। अधिकारी ने बताया कि खुफिया ब्यूरो (आईबी) और सीबीआई अधिकारी ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों द्वारा पूछताछ



के बाद उसे मुंबई पुलिस को सौंप दिया जाएगा। मुंबई अपराध शाखा की एक टीम उसे हिरासत में लेने के लिए पहले से ही दिल्ली में है., मुंबई और ठाणे पुलिस ने जबरन वसूली के कई मामलों के बाद क्रमश: 2017 और 2018 में उसके खिलाफ 'रेड कॉनज़र नोटिस' जारी किया था। अधिकारी ने बताया कि पुजारी 15 साल से अधिक समय से फरार था और उसे अक्टूबर में फिलीपींस में पकड़ा गया था. उसके खिलाफ ठाणे में जबरन वसूली के कुल 23 मामले दर्ज हैं. सुरेश गैंगस्टर रवि पुजारी का करीबी रिश्तेदार है और 2007 में उससे अलग हो गया था. इसके बाद वह विदेश भाग गया था. अधिकारी ने कहा कि अपराध के क्षेत्र में अपने शुरुआती दिनों में उसने अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन और रवि पुजारी के साथ काम किया और बाद में अपना खुद का गिरोह बना लिया।

# 247 लोगों की मौत

## भारत में बीते 24 घंटे में संक्रमण के 6984 नए मामले



नई दिल्ली। ओमिक्रॉन के खतरे के बीच कोरोना के मामलों में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़े के अनुसार बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 6,984 मामले सामने आए हैं और 247 लोगों की मौत हो गई है। इस दौरान 8,168 लोग स्वस्थ भी हुए। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में अब कुल 87,562 सक्रिय मरीज बचे हैं। देश में अब तक कुल 3,41,46,931 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं कुल मृतकों की संख्या की बात करें तो यह 4,76,135 हो गई है। देश में अब तक टीके की कुल 134 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं।

एक्टिव केस कुल केस के मुकाबले एक फीसदी से भी कम

एक्टिव केस कुल केस के मुकाबले एक फीसदी से भी कम हैं। ये दर वतज़्मान में 0.25 फीसदी पर है, जोकि माचज़, 2020 के बाद से सबसे कम है। रिकवरी रेट 98.38 फीसदी पर है, जो कि माचज़ 2020 से सबसे ज्यादा है। दैनिक पॉजिटिविटी दर 0.59 फीसदी पर है, जोकि पिछले 72 दिनों से 2 फीसदी के नीचे बना हुआ है। वहीं साप्ताहिक पॉजिटिविटी दर 0.67 फीसदी पर है, जोकि पिछले 31 दिनों से 1 फीसदी के नीचे चल रहा है।

## मुंबई में ओमिक्रॉन के बढ़ते खतरे के बीच

# पहली से सातवीं के स्टूडेंट्स के लिए फिर से खुले स्कूल



मुंबई। मुंबई में ओमिक्रॉन के बढ़ते खतरे के बीच आज तकरीबन दो साल बाद फिर से पहली से सातवीं तक के स्टूडेंट्स के लिए स्कूल खुल गए हैं। हालांकि, बृहन्मुंबई महानगर पालिक ने बच्चों के स्कूल आने का फैसला वैकल्पिक रखा है यानी उन्हें स्कूल भेजने है या नहीं इसका अधिकार अभिभावकों को होगा। उनकी उपस्थिति अनिवायज़ नहीं करते हुए स्कूलों को ऑनलाइन क्लास का भी विकल्प देने को कहा है। बता दें कि पिछले 24 घंटों के दौरान महाराष्ट्र में 8 नए ओमिक्रॉन संक्रमित मिले हैं, जिसमें से 7 मुंबई से और इस से सटे मीरा भायंदर से है।

बता दें कि राज्य में 4 अक्टूबर से 8वीं से 12वीं कक्षा की ऑफलाइन क्लास चल रही है। इसके बाद 1 दिसंबर से ग्रामीण क्षेत्रों में पहली से चौथी और शहरी क्षेत्र में पहली से सातवीं कक्षा तक की ऑफलाइन क्लास शुरू होने वाली थी, लेकिन ओमिक्रॉन के बढ़ते खतरे को देखते हुए यह फैसला टाल दिया गया था। इसका कुछ पैरेंट्स संगठनों ने विरोध किया था। अब बीएमसी कमिश्नर इकबाल सिंह चहल ने प्राथमिक स्कूल दोबारा शुरू करने की अनुमति दे दी है।बुधवार सुबह से ही मुंबई के लगभग सभी स्कूलों में स्टूडेंट्स की भारी भीड़ नजर आई।



## चित्रकूट हिन्दू एकता महाकुंभ में पहुंचे संघ प्रमुख

**चित्रकूट।** हिन्दू एकता महाकुंभ में शामिल होने चित्रकूट पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत का प्रधानसेवक विधायक संजय पाठक के द्वारा अगवानी की गई। हिन्दू महाकुंभ का आगाज कलश यात्रा के साथ हुआ।

## छत्तीसगढ़ में छमाही परीक्षा 29 दिसंबर से

# पहली से आठवीं तक एक जैसा रहेगा पर्चा

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में स्कूल शिक्षा विभाग ने पहली से आठवीं तक के बच्चों के लिए छमाही परीक्षा (मिडलाइन आकलन) के लिए समय सारिणी जारी कर दी है। पहली से पांचवीं तक की परीक्षा 29 दिसंबर से एक जनवरी 2022 तक और छठवीं से आठवीं तक की परीक्षा 29 दिसंबर से चार जनवरी 2022 तक चलेगी। प्रदेश भर के बच्चों के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने प्रश्न-पत्र तैयार किए हैं। प्रदेश भर के सभी जिलों में बच्चों का एक ही पचेज़ से




आकलन किया जाएगा। कोरोना काल के करीब डेढ़ साल बाद बच्चे स्कूल में पचाज़ हल करेंगे। वहीं कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों की परीक्षा के लिए जिला स्तर पर बने प्रश्न-पत्र के जरिए परीक्षा ली जाएगी। पहली से आठवीं तक 30 लाख और 9वीं से 12वीं तक 15 लाख बच्चे शामिल होंगे।

## सरकार का आरोप: बार-बार अपील पर भी ध्यान नहीं दे रहे तेल उत्पादक देश

एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ाने के लिए तेल उत्पादक देश बनावटी रूप से आपूर्ति घटा रहे हैं। पेट्रोलियम राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने राज्यसभा में बताया कि ओपेक व अन्य सहयोगी देशों की मनमानी से पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं थी। मंत्री ने कहा, जनता को राहत देने के लिए पहली बार हमें रणनीतिक रिजर्व तेल का इस्तेमाल करना पड़ा। अमेरिका, चीन, जापान, कोरिया के साथ मिलकर भारत ने 48 लाख बैरल कच्चा तेल वैश्विक बाजार में जारी किया।



# ऑस्ट्रेलिया: प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन कोरोना पॉजिटिव

## सिडनी के स्कूल समारोह में हुए थे शामिल

एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। मंगलवार को हुई कोरोना जांच में इसकी पुष्टि हुई है। खतरे वाली बात यह है कि शुक्रवार को ही वह सिडनी के एक स्कूल में आयोजित ग्रेजुएशन सेरेमनी में शामिल हुए थे। इस सेरेमनी में करीब 1000 लोग पहुंचे थे। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री कायाज़्लय की ओर से बताया गया कि पीएम मॉरिसन में कोरोना की पुष्टि एक संक्रमित के संपर्क में आने के बाद हुई है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि कोविड-19 संक्रमित पाए जाने के बाद प्रधानमंत्री के दो आरटी-पीसीआर टेस्ट निगेटिव आ चुके हैं। ऐसे में चिकित्सकों ने कहा है कि उन्हें आइसोलेशन में रहने की जरूरत नहीं है। इसके बावजूद स्कॉट मॉरिसन पूरी सतर्कता बरत रहे हैं। छह दिन बाद उनका फिर से टेस्ट



किया जाएगा। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया में 1360 कोरोना के नए मामले सामने आए। जबकि, मंगलवार को 804 कोरोना संक्रमित पाए गए थे।

## मंत्री अजय मिश्र टेनी के इस्तीफे की मांग

## लखीमपुर कांड

# संसद में जोरदार हंगामा

**नई दिल्ली।** किसान आंदोलन के बाद अब लखीमपुर खीरी हिंसा कांड ने केंद्र सरकार की परेशानी बढ़ा दी है। मामले में एसआईटी की जांच रिपोर्ट आने के बाद विपक्ष हमलावर हो गया है। बुधवार को इस मामले को लेकर संसद में हंगामा हुआ। विपक्ष दलों के सांसदों ने नोटिस देकर संसद के दोनों सदनों में चचाज़ करवाने की मांग की।




वहीं राज्यसभा के 12 सदस्यों के निलंबन को लेकर भी हंगामा हुआ। इस मुद्दे पर हंगामा होने के बाद राज्यसभा की कार्रवाई 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।बता दें, एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में लखीमपुर खीरी घटनाक्रम को लापरवाही या हादसा नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश करार दिया है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने बताया, लखीमपुर खीरी कांड को लेकर राहुल गांधी ने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया है। हम मांग करेंगे कि सरकार मंत्री को बर्खास्त करे। वहीं, लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के. सुरेश ने गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा से तुरंत पद छोड़ने की मांग की ताकि लखीमपुर खीरी कांड में निष्पक्ष जांच की जा सके और किसानों को न्याय दिलाया जा सके।



## भारत नेपाल के बीच बस सर्विस फिर से चालू

### कोरोना की वजह से लगी थी रोक

**एजेंसी।** भारत नेपाल के बीच बस सर्विस फिर से शुरू कर दी गई है। दोनों देशों के बीच बस सर्विस पर कोरोना की वजह से रोक लगी थी। आज दिल्ली-काठमांडू के बीच चलने वाली बस को दिल्ली के डॉ अंबेडकर स्टेडियम से रवाना किया गया। इसे पहले की तरह ही चलाया जाएगा। हालांकि, ट्रैवल के दौरान कोरोना की नई गाइडलाइंस का पालन करना जरूरी होगा।

## आय से अधिक सम्पत्ति का मामला

# अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता पी थंगामणि के ठिकानों पर विजिलेंस के छापे

**एजेंसी।** अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता और पूर्व ऊर्जा मंत्री पी थंगामणि के ठिकानों पर बुधवार को विजलेंस टीम ने छापेमारी की। 18 सदस्यीय टीम ने सुबह करीब छह बजकर 45 मिनट पर उनके घर पर भी छापा मारा। बताया जा रहा है कि 18 सदस्यीय टीम ने तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के उनके कई ठिकानों पर छापेमारी की। जानकारी के मुताबिक, पी थंगामणि पर विजलेंस की यह कार्रवाई आय से अधिक सम्पत्ति रखने के मामले में हुई है। सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोध



निदेशालय की ओर से पूर्व में पी थंगामणि, टी शांति और बेटे टी धरणीधरण के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति रखने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# बाघ शावकों को मां से मिलाने अब हाथियों से होगी तलाश

**अपडेट**

**_कहां गुम हो गई बाघिन**
**-झिरिया गांव में घर की बाड़ी में मिले दो बाघ शावकों का मामला**
**-पग मार्क से हथेडा जंगल मे बाघिन की मौजूदगी**

**कटनी/ बरही।** वन परिक्षेत्र बरही/बड़वारा के झिरिया गांव में घर की बाड़ी में मिले दो बाघ शावकों को उनकी बाघिन मां से मिलाने के लिए वन विभाग द्वारा किए गए सारे प्रयास 3 दिन बीतने के बाद भी असफल है। अब दोनों बाघ शावकों को झिरिया नर्सरी में रखा गया है, तो वही बाघिन की तलाश के लिए अब बांधवगढ़ नेशनल पार्क से हाथियों का दल बुलाया गया है, जिनकी मदद से झिरिया-कुआं के जंगल मे बाघिन की तलाश की जाएगी। अभी तक वन विभाग की टीम ड्रोन कैमरे के साथ ही डॉग स्क्वॉड से बाघिन की तलाश करने में जुटी हुई थी, लेकिन उन्हें सफलता नही मिली है। हथेडा में मिली बाघिन की लोकेशन वन विभाग की टीम लगातार बाघिन की लोकेशन ट्रेस करने के लिए दिन-रात जंगल की खाक छान रही है। वह विभाग सूत्रों की माने तो पग मार्क के आधार पर बाघिन की मौजूदगी वर्तमान में विजयराघवगढ़ वन क्षेत्र के हथेडा के जंगल मे मिली है, जिसके एक्ज़ेक्ट लोकेशन पाने के प्रयास किए जा रहे है, वही बांधवगढ़ नेशनल पार्क



से रवाना हुए हाथियों का दल खबर लिखे जाने तक कुआँ पहुँच गया था, जिसके पहुचने का इंतजार वन अमला बेसब्री से कर रहा था।

**वन अमला पूरा दिन रहा झिरिया में**

वहीं पूरा दिन वन अमला बाघिन की तलाश में झिरिया गांव व नर्सरी के आसपास घूमता रहा। डीएफओ रमेशचंद्र विश्वकर्मा , एसडीओ राहुल मिश्रा सहित अन्य वन अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

**ऐसा पहले कभी नहीं हुआ**

बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व की ओर से बरही वनपरिक्षेत्र के झिरिया गांव में 12 दिसंबर को दो बाघ शावक दिखाई दिए थे। इससे क्षेत्र में हलचल मच गई। झिरिया गांव निवासी रामनरेश साहू के घर के पास बनी बाड़ी में बाघ के दो शावकों के आने की जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम वहां पर पहुंची है। दोनों शावक की उम्र लगभग एक से डेढ़ माह होने की है। ग्रामीणों को उस ओर जाने से मना कर दिया गया है। वन अमले के साथ पुलिस भी तैनात शावकों की सुरक्षा की दृष्टि से वन विभाग की टीम को गांव में तैनात किया गया है। गांव में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। वन विभाग जानकारी के अनुसार अभी रात भर बाघिन का इंतजार किया जाएगा, कि वह आकर अपने बच्चों को ले जाए।

# कटनी में भी16-17 को बैंक हड़ताल

## निजीकरण की मांग को लेकर हो रही हड़ताल, शाम को अहम बैठक

**कटनी।** अगर आपका बैंकों से जुड़ा कोई जरूरी काम है तो उसे आज ही निपटा लें क्योंकि देश के सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों के कर्मचारी दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर जाने वाले हैं। कटनी में दरअसल बैंक यूनियनों ने 16 और 17 दिसंबर तक बैंकों के निजीकरण के विरोध में हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है. जिससे अगले 2 दिनों तक कामकाज प्रभावित हो सकता है। हालांकि आम लोगों को होने वाली परेशानियों के देखते हुए एसबीआई और दूसरे बैंकों ने अपने कर्मचारियों से हड़ताल पर ना जाने का अनुरोध किया है। कटनी बैंक यूनियन अधिकारी सेवा के नेता अंशुल शुक्ला ने बताया कि कटनी में भी हड़ताल होगी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि आज शाम को एक अहम बैठक होनी है संभव है कोई हल निकल जाए। अभी तक तो हड़ताल तय है।




**निजीकरण का विरोध**

दरअसल आम बजट 2021 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दो सरकारी बैंकों के निजीकरण करने का ऐलान किया था. हालांकि सोमवार को वित्त मंत्री ने लोकसभा में निजीकरण को लेकर बनी कैबिनेट कमिटी पर कहा कि दो बैंक जिनका निजीकरण होना है उसपर फैसला नहीं लिया गया है. वहीं, निजीकरण के विरोध में यूनाइडेट फॉरम ऑफ बैंक यूनियन के तहत 16 और 17 दिसंबर को राष्ट्रव्यापी हड़ताल रखा गया है। वहीं, खबरों की मानें तो बैंकों के प्रबंधक और इंडियन बैंक एसोसिएशन बैंक यूनियनों के संपर्क में हैं। वे लगातार इस हड़ताल को टालने की बात कर रहे हैं। बता दें कि एसबीआई ने अपने आधिकारिक ट्वीटर हैंडल से ट्वीट कर अपने कर्मचारियों से अपील की है। बैंक ने कहा कि कोरोना महामारी को देखते हुए कर्मचारियों के इस हड़ताल से स्टेकहोल्डर्स को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इतना ही नहीं एसबीआई ने बैंक यूनियनों को बातचीत का न्यौता भी भेजा है। वहीं, सेंट्रल बैंक ने भी अपने कर्मचारियों और यूनियनों को खत लिखकर कहा कि बेहतरी के काम करें।

## भरी ठंड खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर

**कटनी।** कलेक्ट्रेट मुख्यालय के समय दुगाड़ी नाला के ठीक बाजू से सरकारी जमीन पर बरसों से कच्चा आशियाना बनाकर रह रहे लगभग 60 से 70 परिवारों के घर जमींदोज किए जाने के बाद अब वे खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर हो गए हैं। शुक्रवार को बेघर हुए परिवार के लोग बरगंवा स्थित जिला इंटक परिषद कार्यालय पहुंचे। यहां से कलेक्ट्रेट भी गये लेकिन अब तक इन गरीबों की सुध किसी ने नहीं ली है भरी ठंड में यह लोग खुले आसमान के नीचे गुजर बसर कर रहे हैं।

# खरमास के दिनों में नकारात्मकता और कष्टों को दूर करने के लिए करें ये उपाय

**कटनी।** खरमास कल 14 दिसंबर 2021 से शुरू हो गया है और 14 जनवरी 2022 को समाप्त हो जाएगा। खरमास के करीब एक महीने के दौरान सभी तरह के मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाएगी। ज्योतिष अनुसार खरमास के दिनों को अशुभ फल देने वाला माना गया है इसलिए इनदिनों में शुभ फलों की प्राप्ति और कष्ट के निवारण के लिए खास धार्मिक उपाय करने की सलाह दी जाती है। तिथि अनुसार 14 दिसंबर 2021 मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि से शुरू हो रहा खरमास मकर संक्रांति 14 जनवरी




2022 पौष मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि के दिन खरमास का समाप्त हो जाएगा। मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी 2022 को मनाया जाएगा। मकर संक्रांति का विशेष धार्मिक महत्व होता है। इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करते ही मांगलिक और शुभ कार्य आरंभ हो जाएंगे। खरमास के दिनों में करें कुछ खास धार्मिक उपाय खरमास के दिनों में नकारात्मकता दूर करने और कष्टों के निवारण के लिए कुछ आसान से उपाय बताए गए हैं। इनदिनों में पूजा-पाठ धर्म-कर्म, मंत्र जाप, भागवत गीता, श्रीराम की कथा, पूजा, कथावाचन, और विष्णु भगवान की पूजा करना बहुत शुभ माना जाता है। दान, पुण्य, जप, और भगवान का ध्यान लगाने से कष्ट दूर हो जाते हैं। इस मास में भगवान शिव की आराधना करने से कष्टों का निवारण होता है। शिवजी के अलावा खरमास में भगवान विष्णु की पूजा भी फलदायी मानी जाती है।



# मंहगा पेट्रोल, तो अब पंप नहीं चार्जिंग प्वाइंट की कवायद

**कटनी।** पेट्रोल डीजल की रिकार्ड तोड़ कीमतों के कारण जनता तो परेशान है ही सरकार अब वैकल्पिक साधनों पर भी ध्यान दे रही है। इसका सबसे बेहतर विकल्प बैटरी चलित वाहन हैं। बीते कुछ दिनों में बैटरी चलित वाहनों की बिक्री में भी तेजी आई है ऐसे में इन वाहनों के लिए चार्जिंग की समस्या सामने न आए इसके जतन शुरू कर दिये गये हैं। कहा जाए तो सही होगा कि शहर में अब परिवहन का परिदृश्य बदलने की तैयारी है। इलेक्ट्रिक वाहन आधारित परिवहन का दायरा बढ़ाने के लिए नगर निगम ने शहर में तीन स्थानों पर चार्जिंग प्वाइंट स्टेशन खोलने की तैयारी की है। प्रारंभिक तौर पर स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर चलने वाले इन चार्जिंग स्टेशनों के लिए इच्छुक व्यक्ति को चार्जिंग इकाई स्थापित करनी होगी। नगर निगम उसे जमीन उपलब्ध करवाएगी और उसके एवज में किराया भी लेगी। जानकार बताते हैं कि 2024 तक 20 प्रतिशत ई-वाहन सड़क पर दौडऩे के अनुमान हैं। फिलहाल कटनी में 250 से ज्यादा ई वाहन पंजीकृत हैं। यहां हर माह ई वाहनों की संख्या में 15 से 20 वाहनों का इजाफा हो रहा है। इस बीच नगर निगम ने शहर में जिन तीन स्थानों पर चार्जिंग प्वाइंट लगाने की तैयारी की है। उनमें बसस्टैंड के साथ ही माधवनगर स्थित नगर निगम जोन कार्यालय के समीप का स्थान और चौपाटी के समीप की जगह शामिल है। इस बारे में नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे की मानें तो शहर में तीन स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन लगाने की तैयारी है। जगह चिन्हित हो जाने के बाद आगे की प्रक्रिया प्रगति पर है।

## परीक्षा को लेकर दुविधा में एमपी बोर्ड के छात्र

# एमपी बोर्ड और शिक्षा विभाग वार्षिक परीक्षा के मूड में नहीं ?

**कटनी।** एमपीबोर्ड और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी इस साल परीक्षा कक्ष में ऑफलाइन वार्षिक परीक्षा आयोजित करने के मूड में नजर नहीं आ रहे। उनकी सारी तैयारियां कोरोनावायरस की तीसरी लहर को लेकर की जा रही है। कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के लिए आंतरिक मूल्यांकन की व्यवस्था की जा रही है। कक्षा 5 और कक्षा 8 की बोर्ड परीक्षाएं भी इस बार टालने की प्लानिंग है। इस तैयारी के बाद कटनी में निजी तथा सरकारी स्कूल भी पशोपेश में हैं। जिम्मेदार भी इस पर कोई ठोस जवाब देने में असमर्थ दिख रहे हैं। दिसंबर बीतने को है टाइम टेबिल भी जारी हो चुका है बावजूद यह समझ में नहीं आ रहा कि आखिर परीक्षा होगी या फिर नहीं ? शहर में एमपी बोर्ड की छात्रा अकांक्षा कहतीं है कि उनकी परीक्षा के लिहाज से तैयारी पूरी है। लेकिन सरकार को समय रहते यह साफ करना चाहिए कि बोर्ड परीक्षा होंगी या नहीं। इसी तरह छात्र दीपक बैरागी ने कहा कि दुविधापूर्ण स्थिति तब और हो जाती है जब विभाग कुछ कहता है तो नेता कुछ और बयान देते हैं। जैसा कि कालेज की परीक्षाओं में हो रहा है। पूरे प्रदेश का भविष्य का कोई धनी धोरी नजर नहीं आता। क उधर अधिकारियों ने कक्षा 12 की अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के बीच में सर्कुलर जारी करके खलबली मचा दी थी। अधिकारियों की दलील है कि यदि कोरोनावायरस की तीसरी लहर आई तो उसके लिए पहले से तैयारी कर रहे हैं लेकिन अधिकारियों की इन तैयारियों के कारण कई दूसरे इंपैक्ट भी पड़ रहे हैं। स्टूडेंट्स का माइंड सेट चेंज हो रहा है। स्टूडेंट्स का कहना है कि जब तक कंडीशन क्लियर नहीं हो जाती तब तक पढ़ाई करने का कोई फायदा नहीं है। टीचर्स भी कंफ्यूज है, इसलिए स्टूडेंट्स को कन्वेंस नहीं कर पा रहे हैं।



ताजा खबर आई है कि कक्षा 5 और कक्षा 8 की इस साल बोर्ड पैटर्न पर परीक्षा होनी थी परंतु अधिकारी इसे अगले साल कराने के मूड में है। उनका मानना है कि कोरोनावायरस संक्रमण के कारण पढ़ाई नहीं हो पाई है। परीक्षा की तैयारियां भी नहीं हो पाई। इसलिए वर्तमान शिक्षा सत्र में पुरानी पद्धति से सभी विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से पास कर दिया जाएगा। अगले साल बोर्ड पैटर्न लागू करेंगे।

***टाइम टेबिल को ओमिक्रोन ने डाला खटाई में***

*आपको बता दें कि इस बार कोरोना के चक्कर में परीक्षा फरवरी माह में कराने के लिए टाइम टेबिल भी जारी कर दिया गया था लेकिन टाइम टेबिल के बाद ओमिक्रोन वायरस आने के बाद मामला फिर से बिगड़ गया माना जा रहा है कि अब इस खतरे के कारण शिक्षा विभाग तथा बोर्ड के हाथ पैर फूल गये हैं सरकार कोई निर्णय ही नहीं ले पा रही कि आखिर करना क्या है। कटनी का शिक्षा विभाग भी किंकर्तव्य विमूढ है स्कूल भले ही लग रहे हैं लेकिन यह भी औपचारिकता निभाते नजर आ रहे हैं।*

***कर्मचारी जगत***

# नए साल में पुराने डीए का बकाया चुकता करे सरकार, कर्मचारी संघों ने की मांग

**कटनी।** मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को 01 जुलाई 2021 से मंहगाई भत्ते में बढोतरी करते हुए 31 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं राज्य के कर्मचारियों को अभी भी 20 प्रतिशत ही मंहगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है। जो केन्द्र के कर्मचारियों से 11 प्रतिशत कम है। धनतेरस, दीपावली, प्रदेश का स्थापना दिवस, देव उठनी ग्यारस, जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार निकलने के बाद भी सरकार द्वारा कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते दिये जाने पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। जिससे प्रदेश के कर्मचारियों में भारी निराशा एवं आक्रोश व्याप्त है। कोरोनाकाल के बाद स्थितियां बहुत तेजी से सामान हो रही हैं राज्य सरकार के पास पर्याप्त मुद्रा कोष भी जिससे राज्य के कर्मचारी नववर्ष में मंहगाई भत्ता मिलने की आश लगाये हुए हैं।

# निरीक्षण पर पहुंचे तो स्कूल में दर्ज 4 बच्चों के स्थान पर मात्र एक छात्रा ही मौके पर मिली

**कटनी।** मध्य प्रदेश के कटनी स्थित वीर सावरकर वार्ड क्रमांक 12 में स्थित प्राथमिक शाला का सोमवार दोपहर डीपीसी केके डेहरिया और बीआरसी विवेक दुबे ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण पर पहुंचे तो स्कूल में दर्ज 4 बच्चों के स्थान पर मात्र एक छात्रा ही मौके पर मिली। इस पर डीपीसी ने शिक्षिका ऊषा ठाकुर से व सुनीता उर्वेती से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि, अभिभावक बच्चों को स्कूल नहीं भेजते। इसपर डीपीसी ने कहा कि फिर आप लोग क्या करती हैं। गृह संपर्क कर क्यों नहीं उपस्थिति बढ़ाई जाती ।निरीक्षण के दौरान दोनों शिक्षिकाओं की गंभीर लापरवाही भी मिली। बीआरसी विवेक दुबे ने पूछा कि आप लोगों को 110 बच्चों की संपर्क सूची दी गई थी, उसके अनुसार आप लोगों ने क्या काम किया। कितनों से संपर्क किया तो दोनों शिक्षिकाएं न तो सूची दिखा पाईं और ना ही कोई जानकारी दे पाईं।

# ऑनलाइन फ्राड में फंस रहे लोग

**कटनी।** एक और सरकार डिजिटल लेन देने का बढ़ावा दे रही है दूसरी ओर इस डिजिटलाइजेशन से कई तरह के फ्राड भी हो रहे हैं कटनी में ऐसे फ्राड के मामले में पुलिस के हाथ खाली है। साइबर क्राइम और ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए तमाम प्रयासों के बाद भी जिले में घटनाएं कम नहीं हो रही है। लोगों में जागरुकता की कमी कहें या फिर लालच, जिसके चलते जिंदगी भर की जमापूंजी गंवा बैठ रहे हैं। पिछले दो माह में जिलेभर में 50 से भी अधिक बड़ी घटनाएं सामने आ चुकी है। खास की बात तो यह है कि इन मामलों में पुलिस शिकायत लेकर खानापूर्ति कर रही है या फिर किसी मामले में एफआइआर दर्ज भी कर लिया है तो फिर अब जांच की औपचारिकता निभाई जा रही है। संकट के दौर में इस तरह की ठगी की हो रही घटनाएं लोगों के लिए जिले में बड़ी समस्या बन गई हैं और पुलिस-प्रशासन है कि मामलों को गंभीरता से ले ही नहीं रहा। हैरानी की बात तो यह है कि अब ठग गिरोह बकायदा कार से लोगों के घरों, खेत में पहुंचकर अफसर बताते हुए आधार डिवाइस में अंगूठा लगवाकर ठगी कर रहे हैं और लोग लालच में शिकार हो रहे हैं। हद तो तब हो जा रही है कि तीन गंभीर मामले सामने आने के बाद भी पुलिस ने बदमाशों को पकडऩे कोई प्रयास नहीं किए।



# आरोपित सेल्समैन को बना दिया धान खरीदी प्रभारी!


**कटनी।** शासन के निर्देशानुसार किसानों द्वारा उपार्जित फसल की खरीदी कर किसानों को लाभान्वित करने की शासकीय कवायद को खरीदी प्रभारी किस कदर अपनी मनमर्जी से बदनाम कर रहे हैं इसकी बानगी विलायतकला धान खरीदी केंद्र में देखी जा सकती है। बड़वारा सेवा सहकारी समिति के समिति ने नियम कानूनों को दरकिनार कर आरोपित सेल्समेन लखन पटेल, जिसके द्वारा तीन शासकीय उचित मूल्य राशन की दुकानों का संचालन किया जा रहा है। ऐसे सेल्समेन को खरीदी प्रभारी बना दिया है। इस संबंध में आरटीआई कार्यकर्ता ने जनसुनवाई में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के समक्ष जाली दस्तावेजों के आधार पर नौकरी हासिल करने का आरोप लगाया है। शिकायत में आरटीआई कार्यकर्ता ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सेल्समेन पात्र की कालाबाजारी करता हैं। जिसकी निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। उधर विलायत कला खरीदी केंद्र में अमानक स्तर की धान उपार्जन केंद्र लाई जाती है। जिसे बगैर छन्नाा किये तुलवाकर खरीद ली जाती है। कुछ किसानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि धान तुलवाने पर 41 किलो 200 की भर्ती की जाती है, जबकि बोरी में 40 किलो की शासकीय पर्ची लगाई जाती है। शनिवार को खरीदी प्रभारी लखन पटेल द्वारा शासन की गाइडलाइन का खुलेआम उल्लंघन करते हुए खरीदी न होने का आदेश होने के बावजूद खरीदी की गई।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 4 शो ता. 16 से 1,4,7 एवं रात्रि 10 बजे से (हिन्दी में)
SPIDERMAN
(NO WAY HOME )
कलाकार
टॉम हालैंड, जेमी फॉक्स, हैरी हालैंड, अल्फ्रेड, मोलीना आदि।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 4 शो दोपहर ता. 17 से 12, 3 ,6, एवं रात्रि 9 बजे से (हिन्दी में)
PUSHPA (THE RISE)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

# रीठी के दर्जनों स्कूलों में नहीं बाउंड्रीवॉल, बच्चों की सुरक्षा पर उठ रहे सवाल

**कटनी।** जिले के रीठी विकास खंड अंतर्गत संचालित दर्जनों सरकारी स्कूलों बिना बाउंड्रीबाल के संचालित किए जा रहे हैं। कई विद्यालय रेलवे ट्रेक, कुआं, तालाबों के किनारे बिना सुरक्षा बाउंड्री के चल रहे हैं। जहां अध्ययनरत बच्चे दहशत के साये में शिक्षा ग्रहण करने मजबूर हैं। वहीं इस जिम्मेदारी से परहेज कर क्षेत्र के अधिकारी व जनप्रतिनिधि अपनी-अपनी तिजोरी भरने में लगे हुए हैं। तो वहीं सरकार के बड़े-बड़े दावों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिर विभाग द्वारा बिना बाउंड्रीवॉल के विद्यालय संचालित कर नौनिहालों के साथ कैसे खिलवाड़ किया जा रहा है। रीठी विकासखंड के शिक्षा विभाग की होश उड़ा देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं।

**स्कूल के पीछे खतरनाक कुआं** रीठी विकास खंड मुख्यालय से महज तीन किलो मीटर दूर बिना बाउंड्रीबाल के संचालित उन्नायन प्राथमिक शाला कछारखेड़ा के पीछे मात्र छह फीट दूर एक खुला हुआ खतरनाक कुआं है। जहां पहुंचने के लिए विद्यालय का रास्ता भी है। अब ऐसी स्थिति होने के बाद भी उक्त विद्यालय में आज तक बाउंड्रीवॉल की व्यवस्था नहीं कराई गई। जबकि उक्त खतरनाक कुआं कभी भी नौनिहालों की जान का दुश्मन भी बन सकता है। अभिभावकों ने बताया कि बच्चों को स्कूल तो भेजते हैं लेकिन दिनभर चिंता सताती रहती है। दो किलो मीटर पर संचालित शासकीय प्राथमिक शाला छोटा बरहटा का विद्यालय तो रेल खंड के के सामने है।

नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 17 से दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

### पंचायत चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग के नए निर्देश

# नो ड्यूज नहीं दिया तो निरस्त हो जाएगा नामांकन

**कटनी। पंचायत चुनावों के लिए सरपंच, जनपद पंचायत और जिला पंचायत सदस्य के उम्मीदवारों को नॉमिनेशन फॉर्म के साथ पंचायत का नो ड्यूज सार्टिफिकेट प्रस्तुत करना होगा। यह नो ड्यूज सार्टिफिकेट निर्वाचन के पहले के वित्त वर्ष तक का होना आवश्यक होगा।**

मध्यप्रदेश में पंचायत चुनावों के पहले चरण के तहत 6 जनवरी को होने वाले मतदान के लिए नामांकन की प्रक्रिया 13 दिसंबर से शुरू हो गई है। इसी बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने नए निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सरपंच, जनपद पंचायत और जिला पंचायत सदस्यों के उम्मीदवारों को नामांकन फॉर्म के साथ पंचायतों से नो ड्यूज सार्टिफिकेट भी लगाने होंगे। अगर नो ड्यूज सार्टिफिकेट नहीं लगेगा तो नामांकन निरस्त कर दिया जाएगा। उम्मीदवारों का बिजली बिल भी बकाया नहीं होना चाहिए। जानकारी के मुताबिक नो ड्यूज सार्टिफिकेट निर्वाचन की घोषणा के पूर्व के वित्त वर्ष तक का प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित फॉर्मेट में नो ड्यूज सार्टिफिकेट ग्राम पंचायत के लिए सचिव, जनपद पंचायत के लिए सीईओ, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के लिए सीईओ, जिला पंचायत जारी करेंगे। उम्मीदवार जिस पंचायत के लिए नामांकन भर रहा है, उसे उस पंचायत का नो ड्यूज सार्टिफिकेट प्रस्तुत करना होगा। यदि उम्मीदवार इससे पहले किसी अन्य पंचायत का पदाधिकारी, सदस्य रहा है तो उसे पूर्व पंचायत का भी नो ड्यूज सार्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसका मतलब है कि यदि कोई उम्मीदवार पूर्व में सरपंच रहा है और अब जनपद, जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ना चाहता है, तो उसे जनपद जिला पंचायत के साथ साथ ग्राम पंचायत का भी नो ड्यूज सार्टिफिकेट प्रस्तुत करना होगा। यदि कोई पूर्व जनपद पंचायत सदस्य या जिला पंचायत सदस्य ग्राम पंचायत के सरपंच का चुनाव लड़ना चाहता है, तो उसे ग्राम पंचायत के साथ संबंधित जिला, जनपद पंचायत का भी नो ड्यूज सार्टिफिकेट प्रस्तुत करना होगा।




#### बिजली बिल भी बकाया नहीं हो

#### जमा करना होगा जाति प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग बी.एस. जामोद ने जानकारी दी है कि पंचायत निर्वाचन में आरक्षित पद से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी से यह अपेक्षा रहेगी कि वह नाम निर्देशन-पत्र के साथ मध्यप्रदेश शासन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित विहित प्रारूप में जाति प्रमाण-पत्र संलग्न करें। श्री जामोद ने बताया है कि यदि अभ्यर्थी के पास नाम निर्देशन-पत्र भरते समय जाति प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं है, तो अभ्यर्थी को उस वर्ग का सदस्य होने बाबत, जिसके लिए स्थान आरक्षित है, अपना जाति संबंधी शपथ-पत्र नाम निर्देशन-पत्र की संवीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थी द्वारा जाति प्रमाण-पत्र अथवा शपथ-पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर नाम निर्देशन-पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।

#### नागेन्द्र प्रसाद मिश्रा प्रेक्षक नियुक्त

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के लिये सेवा निवृत्त आईएएस अधिकारी नागेन्द्र प्रसाद मिश्रा को नियुक्त किया गया है। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन साधना परस्ते ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस को निर्देशित किया है कि वे राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेक्षक के लिये जारी गाईडलाईन एवं प्रोटोकॉल का पालन कराना सुनिश्चित करें।



# नहीं रूक रही स्टाम्प की मुनाफाखोरी

### ढाई सौ रूपए में बिक रहा 100 रूपए का स्टाम्प, स्टाम्प वेंडरों को किसी का नहीं खौंफ

**कटनी। प्रशासन की लाख कोशिशों के बाद भी जिले में स्टाम्प की कालाबाजारी रूकने का नाम नहीं ले रही है। पुरानी कचहरी में स्टाम्प वेंडरों द्वारा मनमानी कीमतों पर स्टाम्प की बिक्री की जा रही है। 100 रूपए का स्टाम्प 250 और 300 रूपए में बिक रहा है। जिला प्रशासन द्वारा स्टाम्प का भरपूर स्टाक होने का दावा किए जाने के बाद भी 50 और 100 रूपए के स्टाम्प के लिए लोग परेशान होते देखे जा रहे हैं। मंगलवार को पुरानी कचहरी परिसर में मनमाने दामों पर स्टाम्प बेचे जाने की शिकायतों के बाद जिला पंजीयक नवमीदास चौकीकर ने यहां पहुंचकर शिकायतों की जांच की। उन्होंने स्टाम्प खरीदने आए लोगों से बात की और स्टाम्प वेंडरों से स्टाम्प को मनमाने दामों पर बेचे जाने पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।**

#### स्टाम्प के भरपूर स्टाक का दावा, इसके बावजूद मनमानी पर उतारू स्टाम्प वेंडर

गौरतलब है कि पंचायत चुनावों को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवारों को 50 रूपए का शपथ पत्र देना है। माना जा रहा है कि पंचायत चुनाव को देखते हुए ही स्टाम्प की कालाबाजारी का संकट पैदा किया गया है और 50 और 100 रूपए के स्टाम्प को मनमाने दामों पर बेचा जा रहा है। गौरतलब है कि पंचायत चुनाव के चलते 50 एवं 100 रुपये मूल्य के स्टाम्प की डिमांड बढ़ गई है, जिसका वेंडर और सर्विस प्रोवाइडर भरपूर फायदा उठा रहे हैं। स्टाम्प वेंडर व सर्विस प्रोवाइडर की मनमानी व्यवस्था पर हावी है।

#### शिकायत मिलते ही जांच के लिए पहुंचे डीआर

मंगलवार की दोपहर पंचायत चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवार बड़ी संख्या में अपने नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के लिए पुरानी कचहरी परिसर पहुंचे थे। इसी दौरान एक स्टाम्प वेंडर नीतीश कोरी द्वारा 100 रूपए का स्टाम्प 250 रूपए में बेचे जाने पर इसकी शिकायत संबंधित आदमी द्वारा जिला पंजीयक नवमीदास चौकीकर से की गई। शिकायत मिलते ही जिला पंजीयक तहसील परिसर पहुंच गए और शिकायत की जांच करते हुए स्टाम्प वेंडरों को निर्धारित दाम से अधिक कीमतों में स्टाम्प बेचे जाने पर कार्यवाही के निर्देश दिए।

#### इनका कहना है

जिले में स्टाम्प की मुनाफाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए हर तरह के प्रयास किए जा रहे हैं, इसके बाद भी यदि शिकायत मिलती है तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को शिकायत मिलने पर कटनी तहसील परिसर पहुंचकर शिकायतों की जांच करते हुए सर्विस प्रोवाइडरों और स्टाम्प वेंडरों को निर्धारित दाम पर ही स्टाम्प बेचे जाने की हिदायत दी गई है। इसके बाद भी शिकायत दर्ज कराने पर कार्यवाही की जाएगी। कटनी जिले में स्टाम्प का भरपूर स्टॉक है।

**-नवमीदास चौकीकर, जिला पंजीयक**

## विधायक लखन घनघोरिया 17 दिसंबर को लेंगे कांग्रेस की बैठक

#### पंचायत चुनाव : राजनीतिक दलों ने शुरू की तैयारियां

**कटनी।** पंचाायत चुनाव का बिगुल बज चुका है। पहले और दूसरे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। 20 दिसंबर तक नाम निर्देशन पत्र जमा किए जा सकेंगे। इसके बाद मतदाताओं से जनसंपर्क और अपने-अपने पक्ष में जोर आजमाइश का सिलसिला शुरू हो जाएगा। इस सबके बीच दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों कांग्रेस और भाजपा ने पंचायत चुनावों को लेकर अपने-अपने स्तर पर तैयारियां शुरू कर है। पंचायत चुनाव के पहले जहां भाजपा द्वारा संगठन स्तर पर नियुक्तियों को अंतिम रूप दिया गया है तो वहीं अब कांग्रेस द्वारा बैठकों का आयोजन करते हुए कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर जोर दिया जा रहा है। इसकी शुरूआत 17 दिसंबर को होटल अर्जुन पैलेस में दोपहर 1 बजे से आयोजित होने जा रही बैठक से हो रही है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कटनी जिले के कांग्रेस संगठन के प्रभारी पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया की उपस्थिति रहेगी। विधायक श्री घनघोरिया बैठक में पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस की रणनीति के साथ ही तैयारियों पर बात करते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि पंचायत चुनाव के पहले और दूसरे चरण के अंतर्गत जिले की चार जनपदों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उम्मीदवारों की सहायता के लिए कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट के सामने सहायता केन्द्र भी बनाया है, जिससे उम्मीदवारों को परेशानियां न हो।

## वाई-फाई नेटवर्क से यात्रियों को मिली सुविधा

#### फ्री इंटरनेट के माध्यम से मनोरंजन के साथ ही मिल रही कई महत्वपूर्ण जानकारियां

**कटनी।** पश्चिम मध्य रेल डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने के लिए डिजिटल की अभिनव पहलों को लागू करने में सबसे अग्रणी रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी, यात्री सहायतार्थ प्रयोगों, सुविधाओं को जैसे राष्ट्रीय ट्रेन पूछताछ प्रणाली और यात्री आरक्षण प्रणाली तथा हाई डेफिनिशन वाई-फाई से यात्रियों की यात्रा अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव कर रही है। अब पश्चिम मध्य रेल, रेलवे स्टेशनों पर वाई-फाई नेटवर्क कनेक्टिविटी, सुविधा के माध्यम से यात्रियों को इंटरनेट सुविधा प्रदान करने के लिए आगे बढ़ रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे क्षेत्र के 272 स्टेशनों को अब तक मुफ्त उच्च गति वाई-फाई इंटरनेट कनेक्टिविटी से लैस किया जा चुका है, जिससे पश्चिम मध्य रेलवे के लगभग 3000 रूट किलोमीटर ओएफसी ऑप्टिकल फाइबर केबल लगा दी गई है। पश्चिम मध्य रेलवे के शत-प्रतिशत स्टेशनों पर यह सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य पूरा कर लिया गया है। पश्चिम मध्य रेल के कटनी स्टेशन पर पर वाई-फाई सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। इन स्टेशनों के वाई-फाई सुविधा के उपयोगकर्ताओं संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। इंटरनेट तक सीमित पहुंच वाले दूरस्थ स्थानों के छात्र, विशेष रूप से यूपीएससी, आरआरबी, आरआरसी और एसएससी उम्मीदवार अपनी तैयारी के लिए स्टेशन वाई-फाई सुविधाओं का उपयोग करते हैं। यात्री इस सुविधा का उपयोग अपने निजी उपकरणों पर मनोरंजन का लाभ उठाने के लिए भी कर रहे हैं। रेलवायर वाई-फाई सुविधा उपयोगकर्ता के अनुकूल है। कनेक्शन चालू करने के लिए यात्रियों को वाई-फाई विकल्पों को स्कैन करना होगा और रेलवायर चुनना होगा। एक बार जब ब्राउजर उपयोगकर्ता को रेलवायर पोर्टल पर ले जाता है, तो वह एक मोबाइल नंबर मांगेगा, जिस पर वन टाइम पासवर्ड ओटीपी भेजा जाएगा। एक बार कनेक्ट होने के बाद वाई-फाई कनेक्शन 30 मिनट तक चलेगा। इससे रेल यात्रियों को रेलवे की जानकारी से जुड़े रहने और अपडेट रहने में मदद मिलती है। डिजिटल इंडिया पहल को लागू करने की जिम्मेदारी रेलटेल को सौंपी गई है। पश्चिम मध्य रेल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रेलटेल के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए अपने अथक और कठिन परिश्रम से अत्याधुनिक सार्वजनिक वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराई है।







## अवैध वेंडरों के खिलाफ आरपीएफ की धरपकड़

**कटनी।** पश्चिम मध्य रेल में महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं मण्डल रेल प्रबधंक जबलपुर संजय विश्वास के निर्देशन में रेल सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर द्वारा जबलपुर मण्डल के अलग-अलग स्टेशनों पर अवैध वेण्डरों पर कठोर कार्यवाही करने हेतु 4 विशेष टीमों का गठन किया गया एवं सभी आरपीएफ पोस्ट प्रभारियों को रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों में चैकिंग कर अवैध वेण्डरों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। 1 दिसंबर से 14 दिसंबर तक चलाये गये अभियान में आरपीएफ द्वारा कार्यवाही करते हुये कटनी स्टेशन के साथ ही जबलपुर, सतना, पिपरिया, नरसिंहपुर, मैहर, दमोह पर विशेष चैकिंग की गई एवं आने-जाने वाली सभी यात्री गाड़ियों में चैकिंग की गई। चैकिंग में 172 अवैध वेण्डर अवैध रूप से यात्रियों को खाद्य सामग्री बेचते हुये पकड़े गये, जिनसे खाद्य सामग्री को जब्त कर उनके विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 144, 137 के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें रेलवे न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। अवैध वेण्डरों के विरूद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा। सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को अवैध वेण्डरों के विरूद्ध लगातार कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।




#### 4 अलग-अलग टीमों ने की कार्रवाई, 172 अवैध वेंडर पकड़े गए



## दूसरे दिन सरपंच और जनपद पंचायत सदस्य का एक–एक नामांकन जमा

#### प्रथम, द्वितीय चरण के निर्वाचन की नाम निर्देशन की जिले में जारी प्रक्रिया

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार जिले में पंचायत निर्वाचन 2021-22 के अंतर्गत प्रथम व द्वितीय चरण के निर्वाचन में नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। पंचायत निर्वाचन के प्रथम व द्वितीय चरण के लिए पंच, सरपंच, जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्यों के नाम निर्देशन पत्र लिए जा रहे हैं। जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट में जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत स्तर पर जनपद सदस्यों व जनपद स्तर और क्लस्टर स्तर पर सरपंच व पंच फार्म जमा करने की व्यवस्था की गई है। जहां रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारी नाम निर्देशन पत्र जमा करने मौजूद रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने बताया कि प्रथम व द्वितीय चरण के निर्वाचन में बहोरीबंद, रीठी और कटनी व बड़वारा जनपद पंचायत क्षेत्र में नाम निर्देशन की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को बहोरीबंद जनपद पंचायत में जहां जनपद सदस्य के लिए एक नामांकन जमा हुआ है तो वहीं कटनी जनपद पंचायत में सरपंच पद के लिए एक महिला ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

## विद्युत कनेक्शन पर बकाया राशि का अदेय प्रमाण जारी करने अधिकारी नियुक्त

#### राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने जारी किए आदेश

कटनी। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत के लिये उम्मीदवारों को उनके विद्युत कनेक्शन पर बकाया राशि का अदेय प्रमाण पत्र जारी किया जाना है। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता संभाग मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड कटनी द्वारा अधिकारियों को नियुक्त कर उनके वितरण केन्द्र क्षेत्र में आने वाली ग्राम पंचायत में स्थित विद्युत कनेक्शनों पर बकाया राशि ना होने पर अदेय प्रमाण पत्र जारी करने के लिये अधिकृत किया है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रतिभागी उपभोक्ता से अदेय प्रमाण पत्र के सबंध में आवेदन प्राप्त करें। यदि संबंधित के विरुद्ध कोई विद्युत बकाया राशि नहीं हे, तो नियमानुसार अविलंब अदेय प्रमाण पत्र जारी करना सुनिश्चित करें। इस आदेश के तहत वितरण केन्द्र निवार, अमाड़ी, बड़वारा, रीठी, बहोरीबंद, बाकल, बचैया, स्लीमनाबाद, तेवरी, उमरियापान, ढीमरखेड़ा, सिलौंड़ी, विजयराघवगढ़, खलवारा बाजार, बरही, खितौली एवं देवगांव वितरण केन्द्र के प्रभारी अधिकारी अथवा कनिष्ठ अभियंता को इस कार्य के लिये नियुक्त कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया है।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

M.P. POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LTD.
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINNER
(O&M) DIVISION KATNI
Telephone No.-07622-222675, E-mail -eeonmkatni@gmail.com,

No.EE/O&M/KTN/PUR/TS-02/ 1995, Katni, Dated: 10-12-2021

Notice Inviting Tender

Online tenders are invited for hiring of 01 No. light motor vehicle UTILITY PICKUP(LCV) TATA 207 OR EQUIVALENT LATEST MODEL FOR KYMORE SUB DIVISION. The Bids will be received online on the portal https://mptenders.gov.in up to date & time as per key dates. The tender will be opened in the office of undersigned as mentioned in tender time schedule (key dates) in presence of bidders duly authorized representative who may like to be present at the time of opening of tender: -

| S. No | TS No. for e-tendering | NAME OF ITEMS | APPROX. VALUE (Rs. in Lakhs) | TENDER FEE (Including Rs. 180/- as GST) (in Rs) | Due date & time of opening of tender online from 11:00 A.M. (*) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/O&M/KTN/PUR/ TS-03, dt. 10-12-2021 (e-Tender No. 2021_PKVVC_172741_1) | HIRING OF 01 NO. LIGHT MOTOR VEHICLE UTILITY PICKUP(LCV) TATA 207 OR EQUIVALENT LATEST MODEL FOR KYMORE SUB DIVISION | 6.00 | Rs. 1180/- | 30-12-2021 |

* For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in envelop-A & Techno- commercial bid in envelop-B) please refer to the online key dates.
NOTE: -
(1) Other details can be seen in the complete tender documents available on e-portal https://mptenders.gov.in.
(2) Tender documents can be purchased only online and download from main portal https://mptenders.gov.in by making online payment for the prescribed non-refundable tender document fees. Manual purchase of tender is not allowed. It is mandatory for all the bidders to pay tender document fees to participate in tender.

EXECUTIVE ENGINEER(O&M)
MPPKVVCL, KATNI DIVISION

एम.जी.एम. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर
त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
डॉ. हितेश लोकवानी
एम.बी.बी.एस., एम.डी. , डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉस्मेटोलोजिस्ट
(दिनांक 25/12/2021) समय प्रातः 11:00 बजे से 03:00 बजे तक)
।। उपलब्ध उपचार।।
कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्‌टी मशीन द्वारा जोड़ना
हर माह के चौथे शनिवार को प्रातः 11 बजे से 3:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।
नोटः असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।






# चाहे पंथ अनेक हों, हम सब हिंदू एक हों

### चित्रकूट में आयोजित हिन्दू एकता महाकुम्भ में पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत

**कटनी/चित्रकूट।** तुलसी पीठाधीश्वर पद्म विभूषण जगतगुरु रामभद्राचार्य जी के नेतृत्व में चित्रकूट में निकाली गई कलश यात्रा के साथ हिन्दु एकता महाकुंभ की शुरूआत हुई। कलश यात्रा में दिव्य व भव्य झांकियो के साथ कलश लेकर चल रही 11 सौ महिलाएं व भारत माता व शंकराचार्य की झांकियों के साथजगतगुरु रामभद्राचार्य जी, आचार्य रामचंद्र दास जी, जय महाराज, दीनदयाल शोध संस्थान के अध्यक्ष अजय महाजन, कार्यक्रम के प्रधानसेवक विजयराघवगढ़ कटनी विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के साथ आखाड़ो मठों मंदिरों से जुड़े हजारों साधू संतों नागरिकों ने पुष्प वर्षा के बीच सहभारिता की। कलश यात्रा में हाथी व घोड़े डंका निशान लिए संतों की प्रथम पंक्ति रही। ततपश्चात जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य की झांकी, अनेका-अनेक साधु संत व पांच झांकियां कलश के साथ वनवासी राम, लक्ष्मण, सीता और निषादराज की झांकी, भारत माता की झांकी, संत चर्चा की झांकी, आचार्यों की झांकी, जगद्गुरु की झांकी और आदि शक्ति की झांकी रही। कार्यक्रम स्थल चित्रकूट जोकि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की संकल्प भूमि धर्मनगरी रही है यात्रा उपरांत कलश पूजन में आचार्य रामचंद्र दास दीनदयाल शोध संस्थान के अध्यक्ष अजय महाजन के साथ प्रधानसेवक विधायक संजय पाठक ने विधिविधान से पूजन कर सहभागिता की। हिन्दू एकता महाकुम्भ में त्रिदिवसीय हनुमत महायज्ञ और रुद्राभिषेक महायज्ञ का आयोजन प्रारंभ हुआ। हिंदू एकता महाकुंभ में कल द्वितीय दिवस मुख्य अतिथि के रूप में आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ चालक मोहन भागवत उपस्थित रहे। चित्रकूट तुलसी पीठ की तरफ से आयोजित होने वाले इस आयोजन का नेतृत्व स्वामी रामभद्राचार्य कर रहे हैं। उनके साथ प्रमुख संत स्वामी चिदानंद मुनि महाराज, आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद, आचार्य बालकृष्ण आदि भी उपस्थित रहे।

## पीडब्ल्यूडी कालोनी में खनिज लिपिक हुआ वारदात का शिकार

# सूने मकान में दिनदहाड़े लाखों की चोरी

### नगदी, सोने-चांदी के जेवर सहित 4 से 5 लाख का सामान ले गए बदमाश





**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत पीडब्लूडी कालोनी निवासी खनिज लिपिक के सूने मकान में दिनदहाड़े धावा बोलकर अज्ञात बदमाश नगदी व सोने-चांदी के आभूषण सहित लगभग 4 से 5 लाख रूपए कीमती सामान लेकर चंपत हो गए। चोरी की यह वारदात मंगलवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे के बीच हुई। जब खनिज लिपिक व उनकी पत्नी दोनों कार्यालय गए हुए थे। कार्यालय से वापस लौटने पर मकान के अंदर सामान बिखरा देख दोनों के होश उड़ गए तथा उन्हे यह समझते देर नहीं लगी कि बदमाशों ने उनके सूने मकान में हाथ साफ किया है। लिहाजा तत्काल मकान में हुई चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना करने के साथ ही चोरों का सुराग लगाने खोजी कुत्ते का भी सहारा लिया लेकिन चोरों के संबंध में कोई सुराग हाथ नहीं लगा। प्रारंभिक जांच पड़ताल के बाद अब पुलिस अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक पीडब्लूडी कालोनी निवासी सुनील कुमार पांडे खनिज विभाग में लिपिक हैं तथा उनकी पत्नी भी कलेक्ट्रेट में शासकीय नौकरी पर है। बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह 10 बजे के लगभग दोनों पति-पत्नी मकान में ताला लगाकर अपने-अपने कार्यालय चले गए। इसी बात का फायदा पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने लगाया और उनके सूने मकान में धावा बोला। बताया जाता है कि मकान का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे बदमाशों ने इत्मिनान से मकान का कोना-कोना छाना और अंदर से नगदी व सोने-चांदी के आभूषण सहित लगभग 4 से 5 लाख रूपए का सामान लेकर चंपत हो गए। अपनी पत्नी के साथ शाम 4 बजे के लगभग कार्यालय से घर पहुंचे सुनील कुमार पांडे को मकान में चोरी की जानकारी लगी। जिसके बाद तत्काल सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया और चोरों का सुराग लगाने खोजी कुत्ते को भी मौके पर बुलवाया। हालांकि प्रारंभिक जांच पड़ताल में चोरों के संबंध में कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं। पुलिस अज्ञात चोरों के विरूद्ध धारा 454, 380 के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई है।

#### संदेहियों से पूछताछ जारी-थाना प्रभारी

इस संबंध में माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा का कहना है कि वारदात की जानकारी लगने के बाद से ही पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपियों की पतासाजी में लगी हुई हैं। आरोपियों का सुराग लगाने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेंज भी खंगाली जा रही हैं। साथ ही साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है। वहीं थाना क्षेत्र के कुछ संदेहियों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शीघ्र ही वारदात से पर्दा उठाया जाएगा।

# चिटफंड कंपनी के संचालक सहित तीन एजेंटों को जेल

### निवेशकों की शिकायत पर उमरियापान पुलिस ने की कार्रवाई

**कटनी।** उमरियापान क्षेत्र में सैकड़ों निवेशकों को झांसा देकर ठगने वाली चिटफंड कंपनी के संचालक नरेंद्र पौराणिक सहित तीन अन्य एजेंटों को पुलिस ने अलग-अलग ठिकानों से गिरफ्तार किया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने मंगलवार को चारों को न्यायालय में पेश किया। जहा से न्यायालय ने चिटफंड कंपनी के संचालक सहित तीन अन्य एजेंटों को जेल भेज दिया। उमरियापान थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि उमरियापान के कटरा बाजार स्थित एक कमरे में संचालित शिखर सहकारी साख समिति संचालक नरेंद्र पौराणिक सहित अन्य एजेंटों ने उमरियापान सहित आसपास क्षेत्र में सैकड़ों लोंगो के खाता खुलवाकर रुपयों का निवेश किया। समय अवधि पूर्ण होने पर समिति संचालक सहित एजेंटों द्वारा निवेशकर्ताओं को ब्याज सहित रुपये नहीं लौटाए गए। रुपये न मिलने से परेशान सैकड़ों निवेशकों ने पुलिस अधीक्षक व कलेक्टर से शिकायत कर रूपए वापस दिलाए जाने की मांग की। वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत के बाद मामले की शिकायत उमरियापान थाने में की गई। जिस पर उमरियापान पुलिस ने मामले को जांच में लिया। जांच के बाद चिटफंड कंपनी के संचालक नरेंद्र पौराणिक सहित एजेंट मनीष पौराणिक, मुकेश चौरसिया, अंशुल चौरसिया के खिलाफ धारा 420 का मामला दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद सभी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

**रुपये जमा करने के बाद भी रुपये न मिलने से परेशान थे सैकड़ों निवेशक**

# 6 हजार रूपए रिश्वत लेते राजस्व निरीक्षक गिरफ्तार

### नगर निगम में लोकायुक्त पुलिस की दबिश, नामांतरण के लिए मांगी थी रिश्वत



**कटनी।** लोकायुक्त पुलिस ने आज सुबह नगर निगम कार्यालय में दबिश देते हुए सहायक राजस्व निरीक्षक को 6 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सहायक राजस्व निरीक्षक द्वारा भट्ठा मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति से नामांतरण कार्य के लिए रिश्वत की मांग की गई थी। शिकायत की जांच के बाद लोकायुक्त पुलिस ने कार्यवाही की। इस कार्यवाही से नगर निगम कार्यालय में हड़कम्प मच गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कावस जी वार्ड भट्ठा मोहल्ला निवासी सुरेश वंशकार पिता स्वर्गीय काली दीन वंशकार ने अपने माता-पिता के मकान को अपने नाम पर करवाने के लिए नगर निगम में नामातंरण आवेदन दिया था। नगर निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक राकेश श्रीवास्तव ने सुरेश वंशकार से 6 हजार रूपए रिश्वत की मांग की थी। जिसकी शिकायत सुरेश ने लोकायुक्त पुलिस से की। लोकायुक्त पुलिस ने शिकायत की जांच करते हुए राजस्व निरीक्षक को रंगे हाथों पकड़ने की योजना बनाई और आज सुबह जैसे ही सुरेश ने रिश्वत की राशि राजस्व निरीक्षक को दी, वैसे ही लोकायुक्त पुलिस ने धरदबोचा। धरपकड़ की कार्यवाही उप पुलिस अधीक्षक जे पी वर्मा के नेतृत्व में अंजाम दी गई। इस कार्य में निरीक्षक भूपेंद्र दीवान, निरीक्षक नरेश बेहरा, आरक्षक गोविंद सिंह राजपूत, आरक्षक विजय बिष्ट, आरक्षक अंकित दहिया एवं आरक्षक ड्राइवर राकेश विश्वकर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## ट्रेन दुर्घटना में महिला की मौत

कटनी। रीठी थाना अंतर्गत ग्राम देवरीखुर्द कैना रेल्वे ट्रैक में एक महिला की ट्रेन दुर्घटना में मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम देवरीखुर्द निवासी 40 वर्षीय चंदाबाई पटेल पति कल्लू उर्फ राजकुमार पटेल की रेलगाड़ी दुर्घटना के कारण मौत हुई है। सहायक उप निरीक्षक चंद्रिका मिश्रा ने बताया कि शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

## गर्ग चौराहा से बाइक चोरी

कटनी। कोतवाली के गर्ग चौराहा से सुरेश निगम पिता शंकर लाल निगम की मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21एमजी-1320 को अज्ञात बदमाशों ने पार कर दिया। उपनिरीक्षक धनंजय पाण्डेय ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# दो दिन सतना तक ही चलेगी जबलपुर-रीवा शटल

### कैमा यार्ड नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते सतना से रीवा के बीच रहेगी निरस्त



**कटनी।** पश्चिम मध्य रेलवे के रीवा-सतना रेलखंड पर दोहरीकरण कार्य के अंतर्गत कैमा स्टेशन यार्ड में नॅान इंटर लॉकिंग का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण इस रेलखंड पर कटनी होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 11705/11706 जबलपुर-रीवा-जबलपुर शटल को आंशिक रूप से निरस्त कर दिया गया है। यह ट्रेन कल 16 दिसंबर गुरूवार व परसों 17 दिसंबर शुक्रवार को जबलपुर से सतना के बीच चलाई जाएगी। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 11705/11706 जबलपुर-रीवा-जबलपुर शटल स्पेशल ट्रेन 16/12/2021 एवं 17/12/2021 को जबलपुर से सतना के मध्य चलेगी तथा सतना से रीवा के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। इस ट्रेन को 16 एवं 17 दिसंबर को रीवा के स्थान पर सतना स्टेशन तक ही चलाया जाएगा एवं सतना स्टेशन से ही प्रारंभ किया जाएगा।

# बारात की आतिशबाजी से मकान में भड़की आग

### घर-गृहस्थी का सामान जलकर खाक



**कटनी।** एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम जुहली में घर में आग भड़कने से मकान के अंदर रखा घर गृहस्थी जलकर खाक हो गया। सूचना पर पुलिस व राजस्व अमले ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार जुहली निवासी पूरन रजक के घर में सोमवार रात आग भड़क गई। बताया जा रहा है कि गांव में एक बारात आई हुई थी। आतिशबाजी के दौरान पटाखा घर की ठाठ में आ गया और घर में आग भड़क गई। देखते ही देखते मकान आग की लपटों से घिर गया। आग लगने से मकान मालिक को भारी नुकसान हुआ है। बताया जाता है कि आग में मकान के अंदर रखा घर-गृहस्थी का अधिकांश सामान जलकर खाक हो गया।

## अंकसूची गुमी

मैं वरुण चेलानी आयु लगभग 26 वर्ष पिता श्री रामचंद चेलानी फारेस्टर वार्ड कटनी तहसील व जिला कटनी म. प्र. का निम्न लिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं । मुझ शपथकर्ता ने कक्षा दसवीं की परीक्षा नियमित छात्र के रूप में सेक्रेड हार्ट इंग्लिश। मीडियम हायर सेकेण्ड्री स्कूल कटनी से उत्तीर्ण की है जिसमें मेरे को शपथकर्ता को स्कूल मार्कशीट प्राप्त हो चुकी है तथा दसवीं की मार्कशीट जो कि फारेस्टर वार्ड कटनी के आसपास दिनांक 8.12.2021 को समय लगभग दोपहर 2 बजे गुम हो गया है तथा काफी खोजने के बाद भी मुझे नहीं मिल पा रहा है, अतः उक्त मार्कशीट का मेरे द्वारा किसी किया गया है ना ही किसी शासकीय अधिकारी द्वारा जप्त किया गया भी प्रकार से दुरूपयोग नहीं यह कि मैं शपथकर्ता उक्त मार्कशीट गुम होने विषयक सूचना दर्ज करवाना चाहता हूं। अतः उक्त मार्कशीट गुम होने विषयक सूचना दर्ज की जावे। यह कि उपरोक्त दी गई जानकारी सत्य व सही है इसमें किसी भी प्रकार का कोई लुकाव छिपाव नहीं किया गया है अतः उक्त शपथपत्र उक्त मार्कशीट संबंधी सूचना दर्ज की द्वितीय मार्कशीट प्राप्त कर सकूं।


**प्रॉपर्टी डीलर**
कटनी शहर में प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने, किराये पर लेने-देने हर तरह के प्लाट, मकान एवं कृषि भूमि उपलब्ध है। संपर्क- राजेश भाषाणी मो. 9300056824

**बेचना है**
INDUSIND BANK LTD KATNI
TATA LPK 2518 TIPPER
गाड़ी नंबर एमपी 21-H1624 मॉडल 2018 चेचिस नंबर MAT448226JAC 07361 इंजन नंबर 81C84465563 उचित कीमत पर शीघ्र ही जहां हैं, जैसी है स्थिति में बेचना है।
मो. 9229226255

**बेचना है**
INDUSIND BANK LTD KATNI
AL 3718 LPT
गाड़ी नंबर CG04MJ3444 मॉडल 2018 चेचिस नंबर MBINACHD8 JPAE9460 इंजन नंबर JAP2139471 उचित कीमत पर शीघ्र ही जहां हैं, जैसी है स्थिति में बेचना है।
मो. 9229226255

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.


सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

टैरो क्वीन


राजुल मिश्रा द्वारा टैरो कार्ड्स रीडिंग
सोमवार से शुक्रवार-दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक
दूसरी मंजिल, डॉ. नेमा क्लीनिक, आजाद चौक, कटनी
संपर्क करें- 9343945285

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था

पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR Making India Beautiful | Reliance digital | TRENDS GET THEM TALKING | PLANET FASHION | U-TURN EMPIRE OF FAMILY FASHION | BOLSA | GALAXY GAME ZONE | City Pride Cinema | Food Junction The Food Court | HOTEL GRAND MERIDIAN | FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant | GRAVITY THE PUB



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)